RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-13 अंक-260 अम्बिकापुर, बुधवार, 03 अप्रैल 2024 कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

जिला बदर कार्यवाही

26 मार्च 2024 सरगुजा

जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन की जी तोड़ मेहनत आखिर रंग लाई

छत्तीसगढ़ की साथापाना 01/11/2000 को हुई, पूरे 23 वर्ष के इतिहास में पहली बार पत्रकारिता पर हथौड़ा चलाते हुए किसी पत्रकार को जिला बदर की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है।

एक तरफ छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय पत्रकारों को न्याय दिलाने की बात करते हैं, दूसरी ओर उन्ही के सरकारी अफसर उनके मंसूबे को नाकामयाब करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, आखिर किसके इशारे पर, यह मान लिया जाए की सत्ता बदल गई पर सरकार आज भी कांग्रेस के इशारे पर चल रही है।



महत्वपूर्ण फैसले

मीडिया जगत से जुड़े पत्रकारों के साथ हुए उत्पीड़न के खिलाफ उनको न्याय दिलाने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में बनाई जाएगी कमेटी, जिसमें पत्रकारों की भी होगी नियुक्ति

विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

/vishnudeosai1 /vishnudeosai /vishnudsai



रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

DO No:VIP/MOS-SJE(RA)/2024/ 3036A

February 07th 2024

Dear Shri Vishnu ji

Kindly find enclosed a copy of representation, which speaks for itself, dated the 19th December, 2023 from Shri Vijay Prasad Gupta, National Secretary, RPI, 26, Viveka Nand Colony, Jashpur, Chattisgarh regarding the attacks on journalists of Chattisgarh and fake FIR made. The ten names & their mobile numbers of journalists are mentioned in their letter also.

I shall be grateful if you could kindly advise the concerned official to take necessary action in this regard.

With kind regards,

Yours sincerely,

(RAMDAS ATHAWALE)

Shri Vishnu Deo Sai
Chief Minister, Chattisgarh
Government of Chattisgarh
CM Secretariat, Mantralaya
Raipur -492001



रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अ.प.3036.वी.आई.पी./एमओएस(एसजेई)आरए/2024
07 फ़रवरी, 2024

प्रिय श्री विजय जी,

कृपया इस पत्र के साथ श्री विजय प्रसाद गुप्ता, "राष्ट्रीय सचिव" आर.पी.आई. (आठवले) एवं अभिषेक वर्मा, "छत्तीशगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष" आर. पी. आई. (आठवले), का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका मूल प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

श्री विजय प्रसाद गुप्ता के अनुसार छत्तीसगढ़ के पत्रकारों में सरगुजा से श्री जितेंद्र कुमार जायसवाल तथा रायपुर के सुनील नामदेव पर झूठे मुकद्मे एवं इनकी जान को खतरा भी है, जितेंद्र कुमार जायसवाल पर 11 झूठे मुकदमें एवं न्यायिक अभिरक्षा में जानलेवा हमला सहित जमानत से छूट के आने के बाद भी जानलेवा हमला हो चुका है। लेकिन पुलिस ने किसी भी जानलेवा हमले में एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

इन्होंने संलग्न पत्रकारों की सूची को ध्यान में रखकर इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही इनके विरुद्ध दर्ज सुनियोजित प्रकरणों पर उच्च स्तरीय जाँच हेतु समिति गठित करवाने का निवेदन किया है। पत्र स्वतः स्पष्ट वर्णित है।

उक्त के आलोक में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे तथा अवगत करायें।

सादर ।

आपका,

(रामदास आठवले)

श्री विजय शर्मा
माननीय गृह राज्य, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार,
सिविल लाइन रायपुर,
छत्तीसगढ़ - 492001

सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास, सबका प्रयास

Room No. : 101, 'C' Wing, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23381656, 23381657, Fax : 011-23381669



रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अ.प.2868.वी.आई.पी./एमओएस(एसजेई)आरए/2024
31st जनवरी, 2024

प्रिय श्री विष्णु जी,

कृपया इस पत्र के साथ श्री विजय प्रसाद गुप्ता का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका मूल प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

श्री विजय प्रसाद गुप्ता के अनुसार छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी पत्रकारों में से सर्गुज से जितेंद्र कुमार जायसवाल तथा रायपुर के सुनील नामदेव पर झूठे मुकद्मे एवं इनकी जान को खतरा भी है, जितेंद्र कुमार जायसवाल पर 11 झूठे मुकदमें एवं न्यायिक अभिरक्षा में जानलेवा हमला सहित जमानत से छूट के आने के बाद भी जानलेवा हमला हो चुका है। लेकिन पुलिस ने किसी भी जानलेवा हमले में एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

इन्होंने संलग्न पत्रकारों की सूची को ध्यान में रखकर इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही इनके विरुद्ध दर्ज सुनियोजित प्रकरणों पर उच्च स्तरीय जाँच हेतु समिति गठित करवाने का निवेदन किया है। पत्र स्वतः स्पष्ट वर्णित है।

उक्त के आलोक में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे तथा अवगत करायें।

सादर ।

आपका,
30.1.2024
(रामदास आठवले)

श्री विष्णु देव साई
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार,
सिविल लाइन रायपुर,
छत्तीसगढ़ - 492001

सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास, सबका प्रयास

Room No. : 101, 'C' Wing, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23381656, 23381657, Fax : 011-23381669

संपादकीय

हिमालयी क्षेत्रों में परियोजनाओं को लेकर चिंता

हिमालयी क्षेत्रों में रेलवे, बांध, जल संबंधी परियोजनाओं और चार-लेन की राजमार्ग से जुड़ी सभी ढांचागत विशाल परियोजनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की केंद्र सरकार से मांग की गई है। 'पीपुल्स फॉर हिमालय' अभियान का संयुक्त रूप से नेतृत्व कर रहे संगठनों ने शनिवार को एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में लोक सभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के लिए पांच सूत्री एक मांग पत्र पेश किया। इन परियोजनाओं से हिमालय जैसे बनिस्बत कच्चे या कहें कि युवा पहाड़ के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान से चिंतित संगठनों का कहना है कि इन परियोजनाओं की बहुआयामी समीक्षा किया जाना जरूरी हो गया है। इसलिए कि इनके क्रियान्वयन के क्रम में उद्योगपति पहाड़ की घाटियों और चोटियों का खुला और मनमाफिक दोहन कर रहे हैं, और इस कारण आने वाली आपदाओं का दंश स्थानीय लोगों को सहना पड़ रहा है। कहीं सुरंग बैठ जाती है, तो कहीं शहर का शहर जमींदोज होने की कगार पर है। जलवायु कार्यकताओं में इस बात को लेकर नाराजगी है कि बड़ी परियोजनाओं के जरिए 'विकास' के इन तौर-तरीकों से स्थानीय लोग प्रभावित होते हैं। जरूरी है कि परियोजना शुरू करने से पूर्व उन्हें विश्वास में लिया जाए। जनमत संग्रह और विचार-विमर्श करके ही किसी सर्वमान्य निर्णय पर पहुंचा जाए। कानूनन अनिवार्य हो कि परियोजना शुरू करने से पहले इनके पारिस्थितिकीय नुकसान के आकलन में जनभागीदारी भी होगी। अभी हो यह रहा है कि प्रोजेक्ट से प्रभावितों के पुनर्वास के लिए करदाताओं के धन का इस्तेमाल किया जाता है, और पहाड़ों की चोटियों और घाटियों का शोषण करने वाले उद्यमियों की कोई जवाबदेही नहीं होती। वे लाभ कमाकर निकल चुके होते हैं, और पारिस्थितिकीय व पर्यावरणीय क्षति से स्थानीय आबादी हलकान और परेशान होती है। चरवाहे, भूमिहीन, दलित, जनजातियां और महिलाएं नीतिगत खामियों के चलते दरपेश आपदाओं और जलवायु संकट से सर्वाधिक त्रस्त होती हैं, जबकि उनका आफत को न्योता देने वाले मानव-निर्मित कारकों में योगदान नहीं होता। जलवायु कार्यकर्ताओं ने ब्रह्मपुत्र नदी तथा उसके बेसिन में प्रस्तावित पनबिजली विकास परियोजनाओं के प्रति भी आगाह किया है। जरूरी है कि जनभावना को 'विकास के ज्वर' से ग्रस्त न होने दिया जाए।

अपने बिछाये जाल में फंस गया शिकारी

करंट से हुई मौत, घटना लामीदरहा जंगल की

रायगढ़। वन्यप्राणियों के शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर बीती देर रात एक शिकारी की ही मौत हो गई। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटे रेगडा निवासी सूरज किस्पोट्टा पिता रमेश किस्पोट्टा 21 साल एक आदतन शिकारी है। सूरज गांव की ही एक विवाहिता महिला को पत्नी बनाकर अपने साथ रखा है। सोमवार की रात पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और फिर उसने अपने एक अन्य साथी गेंदू मिंज और अपनी पत्नी को अपने साथ रात करीब 1 बजे के आसपास लामीदरहा जंगल ले गया। इसी बीच वन्यप्राणियों के शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से मौके पर ही सूरज किस्पोट्टा की मौत हो गई। करंट की चपेट में आकर सूरज की अचानक मौत हो जाने के बाद डरे सहमे उसकी पत्नी और उसका दोस्त अपने-अपने घर पहुंचे और परिजनों को इस घटना से अवगत कराया गया। पहले तो परिजनों ने इस घटना को छुपाने का प्रयास किया गया परंतु यह घटना पूरे गांव में आग की भांति फैल चुकी थी। जिसके बाद गांव ग्रामीणों की सूचना के बाद चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए मृतक के साथी को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ कर रही है।

लगातार दी जाती है समझाईश

छोटे रेगडा के सरपंच ने बताया कि कई बार गांव के ग्रामीणों को इस तरह के कार्य से दूर रहने की समझाईश दी जा चुकी है। इस तरह के कार्य से कभी वन्यप्राणियों के अलावा कभी-कभार इंसान भी इसकी चपेट में आकर असमय अपनी जान गंवा देते हैं। बीती रात हुई घटना भी इस तरह की है जंगल में करंट लगाने वाला ही करंट की चपेट में आकर काल के गाल में समा गया।

घटना को छुपाने का हुआ प्रयास

बताया जा रहा है कि सोमवार की देर रात वन्यप्राणी के शिकार के लिये बिछाये गए करंट की चपेट में आकर सूरज किस्पोट्टा की मौत के बाद परिजनों ने घटना को छुपाने के इरादे से पहले घर में ही उसके मौत होनें की बात कही गई। लेकिन जंगल में शिकार के लिये बिछाये करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने की मौत होनें की बात सामने आ गई।

आदतन शिकारी था मृतक- रेंजर

इस संबंध में रायगढ़ वन परिक्षेत्र की रेंजर श्रीमती लीला पटेल ने बताया कि मृतक आदतन शिकारी था। कई बार उसे रंगे हाथ पकड़ने का प्रयास किया गया था। इस बार खुद ही अपने ही बिछाए तार में फंस गया। विद्युत विभाग कि सूचना पर पुलिस एवं फोरेस्ट के स्टाफ मौके पर पहुंचे। घटना राजस्व भूमि पर घटित हुई है। चक्रधर नगर थाने की पुलिस टीम आगे की कार्रवाई कर रही है।

रायगढ़ शहर के एसबीआई बैंक हो गए हैं अधमरे

पासबुक प्रिंटिंग मशीन खराब होने से भटक रहे ग्राहक, महतारी वंदन योजना के रूपए की जानकारी लेने महिलाएं हो रहीं परेशान

रायगढ़। भारतीय स्टेट बैंक के केवड़ाबाड़ी मेन ब्रांच और बीएसएनएल ऑफिस सिंधी कालॉनी एसबीआई ब्रांच में पासबुक प्रिंट मशीन कई दिनों से खराब है, सिंधी कालोनी के एसबीआई बैंक में कई काउंटर होने के बाद भी पासबुक प्रिंट करने हेतु काउंटर भी नहीं है, जिससे हर रोज अपने बैंक खाता के पासबुक का प्रिंट कराने ग्राहक दर-दर भटक रहे हैं। महतारी वंदन योजना से आने वाले पैसों की जानकारी लेने पहुंच रहे महिलाएं भी इस बैंक की लापरवाही से अपने आप को लाचार महसूस कर रहे हैं।

भारतीय स्टेट बैंक अपने आप को देश का नंबर वन बैंक कहता तो जरूर है लेकिन यह अपने ग्राहकों को तरसाने और बेवजह चक्कर लगाने को मजबूर भी कर देता है। रायगढ़ शहर में एसबीआई के केवड़ाबाड़ी ब्रांच के साथ ही सिंधी कॉलोनी बीएसएनएल ऑफिस के सामने वाले ब्रांच का हाल ऐसा है कि यहां ग्राहकों की लंबी- लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। सरकार द्वारा गरीब महिलाओं को लाभान्वित करने महतारी वंदन योजना चलाई गई है लेकिन उन्हीं गरीब महिलाओं को स्टेट बैंक बार-बार बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर कर रही है। इस बैंक के पासबुक प्रिंटिंग मशीन खराब है और बैंक के अंदर पासबुक प्रिंट नही हो रहा। केवड़ाबाड़ी एसबीआई मेन ब्रांच में भी पासबुक प्रिंटिंग मशीन खराब है। ऐसे स्थिति में ग्राहक कड़ी धूप में बैंक के बार-बार चक्कर काटने को मजबूर हैं। पैसे निकालने के लिए भी यहां लंबी- लंबी लाईन लग रही है। बैंक कर्मचारियों से मशीन के बारे में बात करने से ग्राहकों को अनर्गल जवाब देते हैं। दूर - दूर से आये महिलाओं का यहां काम नहीं होने से वह निराश होकर लौट रहे हैं।

छत्तीसगढ़
राज्य
निर्वाचन

सीजी में आचार संहिता लागू होने के बाद जांच अभियान हुआ तेज

अब तक 28 करोड़ की नगदी और वस्तुएं जब्त

रायपुर। राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपये की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं. इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपये की नगद राशि शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है. जिसकी कीमत 52 लाख रुपये है. साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपये कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जांच अभियान के दौरान 94 लाख रुपये कीमत के 23.15 किलोग्राम कीमती आभूषण और रत्न भी जब्त किए गए हैं. इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां, जिनकी कीमत 17 करोड़ 24 लाख रुपये है, भी जब्त की गई है।

शराब की जांच करने घर पहुंची पुलिस पर चोरी का आरोप

दंपत्ति ने कहा- तलाशी के बाद सोने का लॉकेट और नगदी मिली गायब

महासमुंद। जिले के बसना थाना क्षेत्र के चौकी भवंरपुर क्षेत्र के ग्राम हेडसपाली की रहने वाली अमृता प्रेमी और उनके पति गेंदराम प्रेमी ने पुलिस के खिलाफ विभाग के उच्च अधिकारी से लिखित शिकायत की है. शिकायत में कहा है कि 29 मार्च को भवंरपुर चौकी से कुछ पुलिस वाले 6 से 7 की संख्या में आए और जबरदस्ती घर मे घुस कर तलाशी ली. तलाशी के दौरान घर के दीवान में सोने का लॉकेट (कीमत 53710 रुपये) और 70 से 80 हजार नगद ट्रैक्टर का किस्त रखा हुआ था, जो पुलिस की तलाशी के बाद से नहीं मिल रहा है. पुलिस के जबरिया घर में घुसने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है. जिसका विडियो शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधिकारी को दिया है और जांच की मांग की है। दंपत्ति का कहना है कि इस घटना के बाद से हम लोग अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं. इसलिए घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है. वहीं इस पूरे मामले मे पुलिस का कहना है कि अवैध शराब बेचने की शिकायत मिली थी, जिसपर पुलिस ने तलाशी ली. इनके घर से कुछ ही दूरी पर दूसरे के घर से शराब भी जब्त हुआ है. इनकी शिकायत पर जांच की जायेगी और तथ्य आने पर कार्यवाही की जायेगी

गांजा की तस्करी करते दो पकड़ाए

सवा लाख का 11 किलो गांजा जब्त, कोतवाली व कोतरा रोड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा, मादक पदार्थ - अवैध शराब, गांजा पर कार्यवाही निरंतर जारी है। पुलिस की सक्रियता से गस्त दौरान मुखबीर सूचना पर कल कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे स्टेशन के पास तथा कोतरारोड़ थानाक्षेत्र अंतर्गत नंदेली तिराहा कोसमनारा के पास पुलिस टीम द्वारा गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहे आरोपियों को पकड़ा गया है। दोंनो कार्रवाई में दो आरोपियों से करीब 11 किलो गांजा कीमत 1 लाख 29 हजार रूपये का जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा अवैध मादक पदार्थ बिक्री करने वालों पर मुखबिर सक्रिय कर रखा गया है जिन्हें कल रात्रि मुखबीर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के बाहर शिव मंदिर के चबूतरे के पास एक व्यक्ति पिट्ठू बैग में मादक पदार्थ गांजा रख कर ग्राहक तलाश कर रहा है। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर आरपीएफ के साथ मौके पर संदेही निगम कुमार जायसवाल को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया जिसके पास से कुल 8 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 8 किलो 308 किलोग्राम कीमती 99 हजार रुपए का बरामद हुआ जिसकी विधिवत जप्ती की गई है। आरोपित निगम कुमार जायसवाल पिता रामलाल जायसवाल उम्र 22 साल निवासी नवाटोला पोस्ट व थाना बिहारपुर, जिला सुरजपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा उड़ीसा से गांजा बिक्री करने लाना बताया है। आरोपी पर थाना कोतवाली में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू आरक्षक अजय साय, जगन्नाथ साहू, धनीराम सिदार आरपीएफ के एएसआई अरमेंद्र सिंह और प्रधान आरक्षक समलेश यादव शामिल थे।

कोतरारोड पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति नंदिनी तिराहा कोसमनारा के पास थैली में मादक पदार्थ गंज रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश के इंतजार में खड़ा है। सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस टीम संदेही की घेराबंटी का रेड किया गया जो संदेही पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया। आरोपित राहुल पटेल पिता रामनिवास पटेल उम्र 27 साल निवासी कुशमहट थाना ताला जिला मैहर के कब्जे से 3 अलग-अलग पैकेट में करीब 3 किलो गांजा कीमत 30,000 का बरामद किया गया है। गांजा रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा, उप निरीक्षक जे0 एक्का, आरक्षक टिकेश्वर यादव, संजीव पटेल, संजय एक्का शामिल थे।

बीजेपी के पास नहीं है भाषा की मर्यादा, कोरबा की जनता ऐसे कृत्यों को नहीं करेगी बर्दाश्त': दीपक बैज

रायपुर। चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी आए. दोनों पार्टियां पोस्टर के जरिए घेरने में लगे हुए हैं. हाल ही में भाजपा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कोरबा लोकसभा प्रत्याशी का एक पोस्टर जारी कर रिमोट कंट्रोल प्रत्याशी बताया था, जिस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने करारा हमला बोला है. बैज ने कहा, बीजेपी के पास भाषा की मर्यादा नहीं है. कोरबा की जनता ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी। आगे दीपक बैज ने कहा, ज्योत्सना महंत वर्तमान सांसद हैं, वे बेबाकी से बोलती हैं. बीजेपी का कार्टून कोरबा की जनता का अपमान है. कोरबा की जनता ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी। दरअसल बीजेपी ने जो कार्टून जारी किया है उसमें नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत दिख रही हैं. पोस्टर के जरिए ज्योत्सना महंत को नेताप्रतिपक्ष डॉ चरणदास की कठपुतली बताया गया है. साथ ही भाजपा ने पोस्टर पोस्ट करते हुए लिखा कि कोरबावासी इस बार रिमोट कंट्रोल नहीं सक्रिय सांसद चुनेंगे।

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, बीएड पास सहायक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द



बिलासपुर। बीएस डिग्रीधारी टीचर भर्ती के उम्मीदवारों को हाईकोर्ट का बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में असिस्टेंट टीचर भर्ती प्रक्रिया में बीएस उम्मीदवारों की नियुक्ति को निरस्त करने का आदेश दिया है. साथ ही राज्य सरकार को छह सप्ताह के भीतर पुनरीक्षित चयन सूची जारी कर डीएलएड उम्मीदवारों को मौका देने के लिए कहा है. इस आदेश के बाद अब असिस्टेंट टीचर की भर्ती में बीएस पास उम्मीदवारों की दावेदारी खत्म हो गई है।

बता दें कि चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने इस केस में 29 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर अब आदेश जारी किया गया है. हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए केवल डीएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे. कोर्ट ने ये भी निर्देश दिया है कि वैसे बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षक, जिनकी ज्वाइनिंग हो चुकी है, उनकी नियुक्ति निरस्त करते हुए 6 सप्ताह में केवल डीएलएड पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाए. कोर्ट ने डीएलएड अभ्यर्थियों को शामिल कर पुनरीक्षित चयन सूची बनाने के निर्देश दिए हैं।बता दें कि राज्य शासन ने 4 मई 2023 को सहायक शिक्षकों की भर्ती विज्ञापन जारी किया था. इसके तहत डीएलएड के साथ बीएड योग्यताधारी को भी सहायक शिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन का योग्य माना था. डीएलएड उत्तीर्ण शिक्षकों ने सेवा भर्ती नियम और विज्ञापन को इस आधार पर चुनौती दी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार प्राथमिक शिक्षकों के लिए बीएड अमान्य है. सहायक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएलड ही मान्य है।

मामले की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने बीएड अभ्यर्थी की काउंसिलिंग पर पर रोक लगा दी, जिसे अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक लगाते हुए बीएड शिक्षकों को भी अंतरिम रूप से नियुक्ति देने का निर्देश दिया, लेकिन उनकी नियुक्ति को हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण के अंतिम निर्णय के अधीन रखा था. 29 फरवरी 2024 को प्रकरण में अंतिम सुनवाई हुई, जिसके बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

आज 2 अप्रैल 2024 को निर्णय सुनाया गया, जिसमें बीएड योग्यताधारी को अपात्र मानते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई है. साथ ही 6 हफ्ते में डीएल योग्यताधारी की पुनरीक्षित चयन सूची बनाने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मिनाक्षी अरोरा, अनुराग दयाल, अजय श्रीवास्तव, इशान वर्मा ने पक्ष रखा।

पूर्व सीएम बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव वाले बयान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का पलटवार

कहा- इवीएम मशीन को दुनिया मान रही, ईसी ने यह तक कहा कि हैक करके दिखाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बीजेपी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है. इसी बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 6 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है. इस दौरान वह राजनांदगांव लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले कवर्धा जिले में बीजेपी प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे. यह जानकारी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी. इसके अलावा उन्होंने पूर्व सीएम बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव वाले बयान पर पलटवार भी किया. साथ ही पीसीसी चीफ और बस्तर से लोकसभा प्रत्यशी कवासी लखमा पर भी निशाना साधा।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बस्तर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा पर निशाना साधते हुए कहा कि दीपक बैज जिनका चुनाव प्रचार कर रहे हैं उन्होंने कहा था कि कलेक्टर को झापड़ से मारना चाहिए. साधारण सांकेतिक विषय पर कितनी गंभीरता होनी चाहिए उनसे पूछा जाना चाहिए. मसला यह है कि अलग-अलग लोगों के लिए वह दोहरे मापदंड नहीं रख सकते. 24 घंटे अगर रायपुर में लाइट ना रहे तो आप क्या सोचेंगे? दूर-दराज गांव में लाइट नहीं है, वह मूलभूत जरूरत से दूर है. बस्तर के अंदरूनी गांव में जहां मूलभूत जरूरतें चाहिए वहां के लोगों को आशा है कि जब भाजपा के सांसद बस्तर से जीत कर आएंगे तब इसका निवारण निश्चित रूप से होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बैलट पेपर से चुनाव करवाने वाले बयान पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि वह जनता के विरोध पर अपनी बात वापस ले रहे है. उन्होंने एक बार नहीं अनेक बार इस बात को कहा है. ईवीएम मशीन को दुनिया मान रही है. इलेक्शन कमिशन ने तो यह तक कहा है कि श्वङ्क्षरूहैक करके दिखाएं. विरोध करने के उद्देश्य से अगर वह ऐसा कह रहे हैं तो गलत हैं. तोड़-मरोड़ कर बातों को पेश करने की बात पर उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

बीजापुर में आठ नक्सलियों के मारे जाने की सूचना

बीजापुर क्षेत्र में नक्सली हमले पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कही कि, इलाके में सर्चिंग जारी है. मुठभेड़ में अब तक आठ नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है. मुठभेड़ स्थल पर सुरक्षाबलों को विदेशी हथियार मिले है, इस तरीके के हथियार का उनके पास होना काफी चिंताजनक है. इन हथियारों से वह करना क्या चाहते है यह चिंतन का विषय है।

लोकसभा चुनाव से पहले बस्तर में फिर गरमाया धर्मांतरण का मुद्दा

सड़क पर बैठे विशेष समुदाय के लोग, ग्रामीणों पर लगाया ये आरोप

जगदलपुर। लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर छत्तीसगढ़ के बस्तर में धर्मांतरण का मुद्दा गरमाया हुआ है. दरअसल बस्तर जिले के ग्राम पंचायत में धर्मांतरण रोकने विशेष समुदाय के लोगों का गांव में पांचवी अनुसूची के नियमों का हवाला देकर और ग्राम सभा पारित कर विशेष समुदाय के लोगों के व्यवसाय, कारोबार और रोजगार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. इसके अलावा विशेष समुदाय का कोई भी बाहरी व्यक्ति के गांव में घूमने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा गांव में कई ऐसे कठोर नियम बनाए गए हैं, जिससे मतांतरण करने वाले ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है. इस नियमों के विरोध में सोमवार को बस्तर जिले के लौंहडीगुड़ा ब्लॉक के विशेष समुदाय के सैकड़ों लोगों ने धरना प्रदर्शन किया और 1 घंटे तक जगदलपुर- चित्रकोट मार्ग पर चक्काजाम किया. लगभग 4 घंटे तक धरना प्रदर्शन करने के बाद भी ज्ञापन लेने किसी अधिकारी को नहीं आता देख विशेष समुदाय के युवाओं ने शर्ट खोलकर धरना प्रदर्शन किया।

इसके बाद लौंहडीगुड़ा ब्लॉक के एसडीएम को युवाओं ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और पांचवी अनुसूची के तहत विशेष समुदाय के लोगों के खिलाफ पंचायत में बनाए गए नियमों को वापस लेने की मांग की. विशेष समुदाय का आरोप है कि ग्राम सभा में नियमों का हवाला देते हुए विशेष धर्म को मानने वाले आदिवासी और गैर आदिवासियों को डरा, धमकाकर गलत नियम बनाकर और उच्च पद का गलत फायदा उठाकर इनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है. इन विशेष समुदाय के लोगों को गांव से बहिष्कार करने जैसा कार्य किया जा रहा है. गांव के नल, बोरिंग, तालाब के इस्तेमाल पर रोक लगाने का कार्य किया जा रहा है, जबकि यहां के ग्रामीण पिछले कई सालों से इसी गांव में रहते हैं. इन सभी नियमों के विरुद्ध विशेष समुदाय के लोगों ने बस्तर कमिश्नर के नाम लौंहडीगुड़ा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राजनांदगांव लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी रहे मौजूद

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने नामांकन दाखिल किया. इस दौरान कलेक्ट्रेट में भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायक भोलाराम साहू आदि उपस्थित रहे. इस सीट पर भूपेश बघेल का मुकाबला भाजपा सांसद सतोष पाण्डेय से है. राजनांदगांव सीट पर मतदान दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होगा. बता दें कि दूसरे चरण के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है।

डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि भूपेश बघेल ने जो काम हर वर्ग के लिए किया उसका लाभ मिलेगा. राजनांदगांव में प्रचंड मत से भूपेश बघेल की जीत होगी। भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे प्रत्याशी के रूप में चुना है. राजनांदगांव की जनता में बदलाव की बयार है, जनता उत्साहित है. सभी ब्लॉक का मैं दौरा कर चुका हूं. सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुका हूं। कार्यकर्ताओं से नामांकन दाखिल करने की अपील पर भूपेश बघेल ने कहा कि मैंने यह बात पाटन में कार्यकर्ताओं से कही थी और ये सच है कि ईवीएम को लेकर शंका तो है. जनता भी बैलेट से चुनाव चाहती है. मैं अभी भी कह रहा हूं, बैलेट से ही चुनाव होना चाहिए। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को रोकने मोदी सरकार ने कई तरह के हथकंडे अपनाए हैं. लेकिन सुप्रीम कोर्ट से लगातार केंद्र को और भाजपा को झटका लग रहा है. हमें न्यायालय से उम्मीद है, जनता भी न्याय करेगी. चुनाव में बीजेपी को जनता सबक सीखाने जा रही है।



BJP Chhattisgarh
@BJP4CGState

कोरबा वासी इस बार रिमोट कंट्रोल नहीं सक्रिय सांसद चुनेंगे।

Translate post

9:59 · 02 Apr 24 · 173 Views



भाजपा का कांग्रेस के खिलाफ कॉर्टून वार जारी, फिर से ज्योत्सना महंत पर साधा निशाना

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने किया पलटवार

रायपुर। सोशल मीडिया पर बीजेपी का कांग्रेस के खिलाफ कार्टून वार जारी है. ताजा कड़ी में भाजपा ने एक बार फिर कोरबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत पर निशाना साधा है, जिसमें उन्हें कठपुतली बताते हुए डोर उनके पति डॉ. चरणदास महंत के हाथों में बताया गया है। छत्तीसगढ़ भाजपा की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में सांसद ज्योत्सना महंत को कठपुतली बताते हुए उनकी डोर उनके पति डॉ. चरणदास महंत के हाथों में दिया गया है. इसके साथ ही आम जनता के हाथों में कैची थमाते हुए कैप्शन दिया गया है कि कोरबावासी इस बार रिमोट कंट्रोल नहीं सक्रिय सांसद चुनेंगे। भाजपा के कॉर्टून पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि ज्योत्सना महंत वर्तमान सांसद हैं, और वे बेबाकी से बोलती हैं. धर्मपत्नी को भी भाजपा कठपुतली बोलती है. बीजेपी के पास भाषा की मर्यादा नहीं है. बीजेपी का कार्टून कोरबा की जनता का अपमान है. कोरबा की जनता ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, बुधवार, 03 अप्रैल 2024

छग बोर्ड के 10वीं, 12वीं के 2,239 छात्रों को मिलेंगे बोनस अंक

रायपुर। स्काउट गाइड, खेलकूद और विद्याभारती समेत अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दसवीं और बारहवीं के 2,239 छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक दिए जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) की ओर से सूची माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी गई है। इन्हीं बोनस अंकों के सहारे बहुत सारे छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण भी होते हैं।

अभी तक बोनस अंक मेरिट सूची में भी जुड़ते थे, जो छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते थे, उन्हें इसका लाभ मिलता है। इन्हीं बोनस अंकों के सहारे मेरिट लिस्ट में शामिल हो जाते थे। कई बार बोनस अंक पाने वाले छात्र में टाप टेन में भी शामिल हुए हैं। बोनस अंक नहीं पाने के कारण मेरिट सूची से बाहर होने वाले छात्रों ने विरोध किया था। छात्रों के विरोध के बाद बोनस अंकों को मेरिट सूची से हटा दिया गया है। अब सिर्फ छात्रों को बोनस अंक का लाभ उत्तीर्ण होने में मिलता है। अनुत्तीर्ण होने पर बोनस अंक के सहारे विद्यार्थी उत्तीर्ण हो जाते हैं। गौरतलब है कि पढ़ाई के अलावा शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, स्काउट गाइड, विद्याभारती, खेल एवं युवा कल्याण, साक्षरता मिशन, एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने पर बोनस अंक मिलते हैं।

खेलकूद में छात्रों की संख्या अधिक

बोनस अंक सबसे ज्यादा शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्रों को मिलेंगे। 10वीं 563 और 12वीं के 860 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक मिलेंगे। स्काउट गाइड में 10वीं के 510 और 12वीं के 236 छात्र-छात्राएं बोनस अंक के लिए पात्र हैं। विद्याभारती में 10वीं में पांच और बाहरवीं में 14 छात्रों को बोनस अंक मिलेंगे, वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग से 10वीं के 30 और 12वीं के 21 छात्रों का चयन हुआ है। साक्षरता मिशन, एनसीसी और एनएसएस में एक भी छात्र-छात्राएं नहीं है, जिन्हें बोनस अंक मिलेगा। अभी तक इन तीन विधाओं की बोनस अंक की पात्रता रखने वाले छात्र-छात्राओं की सूची डीपीआइ को नहीं भेजी गई है।

दुर्ग संभाग के सबसे अधिक छात्र बोनस अंक पाएंगे

बोर्ड परीक्षाओं में सबसे ज्यादा बोनस अंक दुर्ग संभाग के 388 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक मिलेंगे। वहीं सबसे कम सरगुजा संभाग के 155 छात्र-छात्राएं बोनस के लिए पात्र पाए गए हैं। बिलासपुर से 328, रायपुर से 290 और बस्तर से 262 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक के लिए पात्र पाया गया है। बस्तर संभाग के सुकमा जिले से एक भी विद्यार्थी को बोनस अंक नहीं मिलेगा। वहीं प्रदेशभर में सत्यापन के दौरान 38 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक के लिए अपात्र घोषित किया गया है। बस्तर संभाग से सात, बिलासपुर से 20, रायपुर से तीन, दुर्ग से छह और सरगुजा संभाग के दो छात्र-छात्राओं को अपात्र घोषित किया गया है। अभी बोनस अंक पाने वाले छात्रों के आंकड़े बढ़ सकते हैं। एनसीसी, एनएसएस और साक्षरता मिशन से पात्र छात्रों की सूची में डीपीआइ को भेज जा सकती है। इस दौरान कुछ छात्रों के नाम और जुड़ सकते हैं।

कांग्रेस के पूर्व महामंत्री ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को भेजा मानहानि का नोटिस

रायपुर। लोकसभा चुनाव में ज्यादा दिन बचे नहीं हैं. भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी लड़ाई तेज हो गई है. लेकिन एक लड़ाई कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बीच भी कुछ दिनों से चल रही है. ये लड़ाई पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बीच है. पूर्व मंत्री ने भूपेश बघेल के बयान पर अब उनको मानहानि का नोटिस भेजा है।

बता दें कि कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्लीपर सेल वाले बयान पर अरुण सिसोदिया ने अपने वकील के माध्यम से नोटिस भेजा है. नोटिस में 15 दिन के अंदर माफी मांगने कहा है. माफी नहीं मांगने पर कानूनी कार्रवाई करने बात कही गई है।

बता दें कि अरुण सिसोदिया ने अपने पत्र ने हाल ही में एक पत्र जारी कर अपने ही पार्टी के नेताओं पर फंड में अनियमितता का आरोप लगाया था. उन्होंने कहा था कि रामगोपाल अग्रवाल और विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी को 5 करोड़ 89 लाख रुपए का भुगतान कर पार्टी को नुकसान पहुंचाया गया है, जिन्होंने पार्टी के पैसे का दुरुपयोग किया है. उन पर कारवाई होनी चाहिए. मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं, पार्टी में अगर सच बोलना बगावत है तो मैं बागी हूं और अगर पार्टी कार्रवाई करती है तो मैं राहुल गांधी, दीपक बैज और चरणदास महंत के साथ खड़ा हूं।

मुख्यालय
राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो
एवं
एन्टी करप्शन ब्यूरो
छत्तीसगढ़, रायपुर

कोयला घोटाले मामले में एससीबी और डब्ल्यूईओ की टीम को आरोपियों से पूछताछ की मिली अनुमति

रानू साहू और सौम्या चौरसिया से जेल में होगी इंक्वायरी

रायपुर। एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम एक बार फिर से विशेष कोर्ट पहुंची. टीम ने जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू और निलंबित डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया से पूछताछ के लिए अनुमति मांगी. जहां सेंट्रल जेल में बंद कोयला घोटाले के आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मिल गई है. आरोपियों से 4, 5 और 7 अप्रैल को ईओडब्ल्यू की टीम जेल में पूछताछ करेगी. कोयला घोटाले मामले में पहले चरण में ईओडब्ल्यू 11 आरोपियों से पूछताछ कर चुकी है।

छत्तीसगढ़ में 6 अप्रैल से बारिश के आसार, डोंगरगढ़ में 42.3 डिग्री पहुंचा पारा



रायपुर। प्रदेश भर में चिलचिलाने वाली गर्मी शुरू हो गई है और दोपहर की तेज धूप के साथ गर्म हवाएं चलने से आम लोन हलाकान होने लगे है। मंगलवार को प्रदेश भर में डोंगरगढ़ सबसे गर्म रहा और एआरजी डोंगरगढ़ का अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री रहा,जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढता जा रहा है।

इसके चलते ही आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, हालांकि छह अप्रैल से प्रदेश में बारिश के आसार है। मंगलवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। दोपहर की तेज धूप अब चुभने लगी है और गर्म हवाओं के चलते उमस भी काफी बढ़ गई है। अधिकतम तापमान के साथ ही अब न्यूनतम तापमान में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है। रायपुर का न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अप्रैल के साथ ही मई व जून का महीना भी तपाएंगे, हालांकि बीच-बीच में मौसम का मिजाज बदलने से थोड़ी राहत मिल सकती है। इस वर्ष अप्रैल व मई में अधिकतम तापमान औसत से ज्यादा रहेगा। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने से बुधवार को मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी संभावित है।

आम आदमी पार्टी को लगा बड़ा झटका, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा में हुए शामिल

कांकेर। आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष भाजपा में शामिल हुए. कांकेर में आयोजित भाजपा प्रत्याशी के नामांकन रैली में सीएम साय ने कोमल हुपेंडी का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। बता दें कि कोमल हुपेंडी ने 2023 का विधानसभा चुनाव आप की टिकट पर भानुप्रतापपुर से लड़ा था और 15255 वोट हासिल किए थे. आज उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा और कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताने का संकल्प लिया।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
✆ +91 9303890212
HOT NewsPortal
Responsive
Obama, Putin Hold Talks on Syria
The Queen Lunches with David Cameron

क्या गांव को दो हिस्सों में बांट देगा रेलवे!

गांव के बीचों-बीच स्थित रेलवे फाटक को बंद करने की तैयारी पर बिफरे ग्रामीण

सकरेली-समपार
STOP

सक्ती। क्या रेलवे एक गांव को दो हिस्सों में बांट सकता है. ऐसा ही मामला जिले के सकरेली गांव में देखने को मिल रहा है. रेलवे ने रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के बनने के बाद सकरेली गांव के बीच से गुजरने वाले रेलवे लाइन के फाटक को बंद करने का फैसला लेते हुए वहां दीवाल खड़ा करने की तैयारी में है, जिसके विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे ओवर ब्रिज काफी लंबा है, जिसकी वजह से अब हर छोटे-मोटे काम के लिए 2 से 3 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ेगा. गांव में अगर किसी की मौत भी होती है तो गांव के ही श्मशान घाट जाने के लिए भी पैदल काफी घूमकर जाना पड़ेगा. ग्रामीणों ने सकरेली रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर ब्रिज बनाए जाने के साथ फाटक को बंद नहीं करने की मांग कर रहे हैं।

कलेक्टर से मिलने पहुंचे ग्रामीण

सकरेली गांव के सैकड़ों ग्रामीण सोमवार को अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया. कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखा है. फिलहाल, कलेक्टर के कहने पर और लोकसभा चुनाव को देखते हुए रेलवे ने फाटक बंद करने का फैसला टाल दिया है, लेकिन चुनाव के बाद फैसला फिर बदला जा सकता है, जिसकी वजह से ग्रामीण अभी भी संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं।

समाधान नहीं तो मतदान नहीं

रेलवे के फाटक को बंद करने के निर्णय से नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी भी दे डाली है, ऐसे में लोकसभा चुनाव के पहले सक्ती जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है, क्योंकि आचार संहिता के समय नई स्वीकृति मिलना संभव नहीं है. ऐसे में अब देखना होगा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों को कैसे मनाएगा.

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547